महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
जनसंपर्क कार्यालय
PUBLIC RELATIONS OFFICE

## हिंदी विश्वविद्यालय के 7 विद्यार्थियों को चीन सरकार की छात्रवृति
## हर महीने मिलेंगे 42 हजार रुपए
## चीन के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में करेंगे अध्ययन

**वर्धा, 30 जुलाई 2026:** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के भाषा विद्यापीठ के अंतर्गत अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा अध्ययन विभाग के चीनी भाषा स्नातक पाठ्यक्रम (2023-27) के सात विद्यार्थियों का चयन चीन सरकार की प्रतिष्ठित चाइना स्कॉलरशिप काउंसिल (CSC) की पूर्ण वित्तपोषित छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। चयनित विद्यार्थी शैक्षणिक वर्ष 2026-27 में चीन के विभिन्न प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में नॉन-डिग्री जनरल स्कॉलर प्रोग्राम के तहत अध्ययन करेंगे। छात्रवृत्ति के अंतर्गत प्रत्येक विद्यार्थी को प्रतिमाह 3000 युआन (करीब 42 हजार रुपए) की आर्थिक सहायता भी मिलेगी।



विद्यार्थियों का चयन अंतरराष्ट्रीय स्तर की चीनी भाषा दक्षता परीक्षा एचएसके (HSK) में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। सभी विद्यार्थी अगस्त में चीन के लिए रवाना होंगे तथा उनका शैक्षणिक सत्र 1 सितंबर 2026 से प्रारंभ होगा।

चयनित विद्यार्थियों में आशुतोष, ब्रजेश कुमार और सुदर्शन कुमार का चयन पेइचिंग लैंग्वेज एंड कल्चर विश्वविद्यालय, सनोज कुमार का सेंट्रल चाइना नॉर्मल विश्वविद्यालय, पूजा सैनी का तुंग हुआ विश्वविद्यालय, अपूर्वा अभय तायडे का वू हान विश्वविद्यालय तथा रितेश राज का शानशी विश्वविद्यालय में अध्ययन के लिए हुआ है।

इस उपलब्धि पर चयनित विद्यार्थियों ने विभाग के प्रभारी डॉ. अनिर्बाण घोष एवं शोधार्थी इंद्रजीत मिश्र के साथ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। कुलपति ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विश्वविद्यालय की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और विदेशी भाषा अध्ययन में उत्कृष्टता का प्रमाण है। उन्होंने विद्यार्थियों से विदेश में अध्ययन के दौरान भारतीय संस्कृति, हिंदी भाषा और विश्वविद्यालय की गरिमा के श्रेष्ठ प्रतिनिधि बनने का आह्वान किया।
उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी इसी विभाग के पांच विद्यार्थियों का चयन इसी छात्रवृत्ति के तहत चीन के चार विश्वविद्यालयों में हुआ था। लगातार दूसरे वर्ष मिली यह सफलता विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक पहचान को और सुदृढ़ करती है।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
जनसंपर्क कार्यालय
PUBLIC RELATIONS OFFICE

**हिंदी विद्यापीठाच्या ७ विद्यार्थ्यांना चीन सरकारची शिष्यवृत्ती**
**दरमहा मिळणार ४२ हजार रुपये**
**चीनमधील प्रतिष्ठित विद्यापीठांमध्ये करणार अध्ययन**

**वर्धा, ३० जुलै २०२६ :** महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विद्यापीठाने आंतरराष्ट्रीय स्तरावर आणखी एक उल्लेखनीय यश संपादन केले आहे. विद्यापीठाच्या भाषा विद्यापीठांतर्गत इंग्रजी व परकीय भाषा अध्ययन विभागाच्या चिनी भाषा पदवी अभ्यासक्रमा (२०२३-२७) मधील सात विद्यार्थ्यांची चीन सरकारच्या प्रतिष्ठित चायना स्कॉलरशिप कौन्सिल (CSC) च्या पूर्ण वित्तपोषित शिष्यवृत्तीसाठी निवड झाली आहे. निवड झालेले विद्यार्थी शैक्षणिक वर्ष २०२६-२७ मध्ये चीनमधील विविध प्रतिष्ठित विद्यापीठांमध्ये नॉन-डिग्री जनरल स्कॉलर प्रोग्राम अंतर्गत अध्ययन करणार आहेत. या शिष्यवृत्तीअंतर्गत प्रत्येक विद्यार्थ्याला दरमहा ३००० युआन (सुमारे ४२ हजार रुपये) आर्थिक सहाय्य मिळणार आहे.

विद्यार्थ्यांची निवड आंतरराष्ट्रीय स्तरावरील चिनी भाषा प्रावीण्य परीक्षा एचएसके (HSK) मधील उत्कृष्ट कामगिरीच्या आधारे करण्यात आली आहे. सर्व विद्यार्थी ऑगस्ट महिन्यात चीनला रवाना होणार असून त्यांचे शैक्षणिक सत्र १ सप्टेंबर २०२६ पासून सुरू होईल.

निवड झालेल्या विद्यार्थ्यांमध्ये आशुतोष, ब्रजेश कुमार आणि सुदर्शन कुमार यांची बीजिंग लँग्वेज अँड कल्चर युनिव्हर्सिटी मध्ये, सनोज कुमार यांची सेंट्रल चायना नॉर्मल युनिव्हर्सिटी मध्ये, पूजा सैनी यांची त्सिंगहुआ युनिव्हर्सिटी मध्ये, अपूर्वा अभय तायडे यांची वुहान युनिव्हर्सिटी मध्ये तसेच रितेश राज यांची शान्शी युनिव्हर्सिटी मध्ये अध्ययनासाठी निवड झाली आहे.

या यशाबद्दल निवड झालेल्या विद्यार्थ्यांनी विभागाचे प्रभारी डॉ. अनिर्बाण घोष आणि संशोधक इंद्रजीत मिश्र यांच्यासह विद्यापीठाच्या कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा यांची सदिच्छा भेट घेतली. कुलगुरूंनी विद्यार्थ्यांचे अभिनंदन करताना सांगितले की, हे यश विद्यापीठाच्या वाढत्या जागतिक प्रतिष्ठेचे, गुणवत्तापूर्ण शिक्षणाचे आणि परकीय भाषा अध्ययनातील उत्कृष्टतेचे द्योतक आहे. त्यांनी विद्यार्थ्यांना परदेशात शिक्षण घेत असताना भारतीय संस्कृती, हिंदी भाषा आणि विद्यापीठाच्या गौरवाचे उत्तम प्रतिनिधित्व करण्याचे आवाहन केले.

उल्लेखनीय म्हणजे, गतवर्षीही याच विभागातील पाच विद्यार्थ्यांची याच शिष्यवृत्तीअंतर्गत चीनमधील चार विद्यापीठांमध्ये निवड झाली होती. सलग दुसऱ्या वर्षी मिळालेल्या या यशामुळे विद्यापीठाची आंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक ओळख अधिक बळकट झाली आहे.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305